हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 शिवालयों में श्रद्धालुओं की रही भीड़



# मेडिकल कॉलेज को 125 सीटों पर शर्तों के साथ प्रवेश के लिए मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए एनएमसी से मान्यता मिल गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से मेडिकल कॉलेज को 125 सीटों के लिए मान्यता दी गई है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में व्याप्त कमियों को 4 महीने में पूर्ण करने का समय दिया गया है। इधर मान्यता मिलने के बाद अब कॉलेज प्रबंधन की ओर से एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को प्रति वर्ष सत्र शुरू होने से पहले नेशनल मेडिकल कमीशन से प्रवेश हेतु मान्यता लेनी होती है। ऐसे में इस बार भी कॉलेज प्रबंधन की ओर से कॉलेज की मान्यता के लिए प्रयास किए जा रहे थे। कॉलेज की ओर से मान्यता प्रमाण पत्र हेतु फैकल्टी की जानकारी के साथ ही 3.54 लाख रुपए की फीस जमा की गई थी। हालांकि इस दौरान आशंका जताई जा रही थी कि मान्यता देने से पहले एनएमसी की टीम कभी भी कॉलेज के निरीक्षण पर आ सकती है लेकिन गनीमत रही कि टीम निरीक्षण पर नहीं पहुंची। इस बीच शुक्रवार को एनएमसी द्वारा कोरबा, बिलासपुर और सरगुजा के कॉलेज को मान्यता प्रदान करने का आदेश जारी किया गया है। एनएमसी की ओर से मेडिकल कॉलेज को सत्र 2025-26 में एमबीबीएस की 125 सीटों पर प्रवेश हेतु मान्यता दी गई है। हालांकि कॉलेज को यह मान्यता चार माह की अवधि में कमियों को दूर करने की शर्तों पर दी गई है।

## एनएमसी ने कमियों को 4 माह में दूर करने का दिया समय

### अब शुरू होगी प्रवेश की प्रक्रिया

मेडिकल कॉलेज को वर्ष 2025-26 में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन की ओर से मेडिकल काउंसलिंग कमेटी को सीट सबमिट की जाएगी। बताया जा रहा है कि एमसीसी में सीट सबमिट करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई तक निर्धारित है। सीट सबमिट करने के बाद ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 125 सीटों में से 104 सीटें स्टेट कोटा, 18 सीटें ऑल इंडिया कोटा और 3 सीटें सेंट्रल पूल कोटा में में निर्धारित है।



### मिल गई है मान्यता

मेडिकल कॉलेज को एनएमसी से लेटर ऑफ परमिशन मिल गया है। कॉलेज को 2025-26 में यूजी सीटों पर मान्यता मिलने के बाद अब कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

-डॉ. अविनाश मेश्राम
अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 को

**बलरामपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा, जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों के प्रगति, विद्युत समस्याओं पर चर्चा, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभागीय योजनाओं के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 15 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे समय-सीमा की बैठक पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### जिले में छग पेयजल परीक्षण अधिनियम किया गया शिथिल

**बलरामपुर।** जिले में ग्रीष्मकालीन के दौरान पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ पेयजल प्रशिक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कटारा के द्वारा 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक अथवा मानसून आगमन तक की अवधि के जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। जिले में मानसून क्रियाशील हो चुका है। इसके लिए कलेक्टर के द्वारा 1 जुलाई से छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम को शिथिल किया गया।

### जेडी ने किया पीएचसी गुतुरमा प्रतापगढ़ का निरीक्षण

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सीतापुर क्षेत्र के पीएचसी गुतुरमा व प्रतापगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में कई स्वास्थ्यकर्मी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही अस्पताल में साफ सफाई की कमी पाई गई। जबकि दवाओं में एक्सपायरी डेट अंकित नहीं मिले। ऐसे में जेडी ने नाराजगी जाहिर की है। बता दें कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला शुक्रवार की दोपहर सीतापुर क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले थे। निरीक्षण के दौरान एनएच 43 से लगे पीएचसी गुतुरमा व प्रतापगढ़ के बोर्ड एनएच किनारे नहीं लगे थे। वहीं अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं अव्यवस्थित थी और साफ-सफाई की कमी पाई गई। संस्था में दवाईयों का रख रखाव अस्त-व्यस्त पाया गया। स्टोर एवं दवाइयों के डिब्बे पर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं पाया गया। जन मानस के लाभ हेतु प्रदर्शित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के पलेक्सी एवं बैनर उक्त संस्था में नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी गुतुरमा में अस्पताल के भीतर दोपहिया वाहन अनाधिकृत रूप से खड़ा पाया गया इस हेतु वहां के स्टाफ को निर्देश जारी किया गया। वहीं अस्पताल में रामसुनित राम 4 से 10 जुलाई तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले जबकि आरएचओ सुगन्ती लकड़ा 10 से 14 जुलाई तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। दोनों को अवैतनिक कर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। वहीं पीएचसी प्रतापगढ़ में आरएमए जेपी सिंह अनुपस्थित मिले। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि एनक्यूएएस की तैयारी हेतु सीएचसी सीतापुर में ड्यूटी लगाई गई है परन्तु उक्त आदेश में तिथि अंकित नहीं होने के कारण बीएमओ से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। जबकि स्टाफ नर्स राफेल कुजूर एक दिवस को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित गये। ऐसे में उन्हें अवैतनिक करने का निर्देश दिया गया।

## नदियों से हाइवा-ट्रैक्टर में लोडकर हो रही तस्करी

# एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे तस्कर, दिन दहाड़े हो रहा रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**
- पटपरिया घाट से निकाल रहे रेत

क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और तस्करी का कारोबार चरम पर है। आलम यह है कि तस्कर एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए दिनदहाड़े नदी से अवैध उत्खनन और परिवाहन कर रहे है। तस्करों द्वारा नदी से रेत निकालकर आस पास के क्षेत्रों के साथ ही यूपी व अन्य राज्यों में तस्करी की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि बारिश के समय नदियों से रेत उत्खनन बंद होने के बाद भी माफिया खुदाई कर रहे है लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंख मूंद ली है और उनपर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

बता दें कि मानसून सीजन शुरू होते ही नदियों से रेत उत्खनन का कार्य बंद कर दिया जाता है। बारिश के मौसम में सभी रेत घाट बंद रहते है लेकिन क्षेत्र में रेत माफिया इस कदर बेखौफ है कि उन्हें एनजीटी के नियमों कोई चिंता नहीं है। ऐसा ही मामला विकासखंड में सामने आया है। तस्करों द्वारा लखनपुर उदयपुर क्षेत्र में मौजूद नदियों से बेखौफ होकर नदियों से रेत निकालने का काम किया जा रहा है। वर्तमान में तस्करों द्वारा लखनपुर के पटपटिया घाट से रेत निकालने का काम किया जा रहा है। तस्कर सीधे नदी से रेत निकालकर हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर में लोड़कर उसकी तश्करी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में कर रहे है। वर्तमान में सभी नदियां उफान पर है लेकिन नदी का जल स्तर कम होने के साथ ही तस्कर उत्खनन कार्य में लग गये है। बड़ी बात यह है कि बारिश के समय रेत उत्खनन बंद होने के कारण डिमांड बढ़ जाती है ऐसे में तस्करों द्वारा नदी से रेत उत्खनन कर दो से तीन गुने कीमतों पर दूसरे राज्यों में बेचकर लाखों की कमाई की जा रही है।



रेड़ नदी से रेत निकालते तस्कर ।

### ग्रामीणों के विरोध का भी असर नहीं

बताया जा रहा है कि नदी से रेत निकालने के विरोध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार गाड़ियों को रोका, गड्ढे खोदकर सड़कों को बंद किया लेकिन इसके बाद भी तस्करों ने अपना कारोबार बंद नहीं किया है। बारिश के समय नदी से हो रहे उत्खनन की शिकायत ग्रामीणों ने खनिज विभाग, जनदर्शन में कलेक्टर से भी की लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। राजस्व और पुलिस विभाग की टीम वाहनों को पकड़कर जुर्माना लगया जाता है लेकिन जुर्माना पटाकर वाहन छूट जाते है और तस्करी का कारोबार चरम पर है।

### लोगों में बढ़ रहा आक्रोश, बड़ी घटना की आशंका

प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार चरम पर है और रेत उत्खनन के दौरान माफियाओं द्वारा कई वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। बलरामपुर जिले में एक आरक्षक पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी गई। वहीं गोली काण्ड भी हो चुका है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इन घटनाओं के बाद भी खनिज विभाग ने अपनी आंखें मूंद ली है और तस्कर अपनी मनमानी कर रहे है। ऐसे में लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। जिस कदर तस्कर नदियों से रेत निकालकर तस्करी कर रहे है उससे आने वाले समय में किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### दिए गए है कार्रवाई के निर्देश

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाती है। वर्तमान में भी शिकायत मिली है। इसकी जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

-बनसिंह नेताम, एसडीएम

### की जाएगी कार्रवाई

बारिश के मौसम में एनजीटी के नियम अनुसार रेत उत्खनन बंद रहता है। रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इस मामले में भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-त्रिवेणी देवांगन
जिला खनिज अधिकारी

## जमीन पर कब्जे के लिए महिला ने साथियों के साथ मिलकर पति से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जबरन खेत में की जोताई, चार आरोपी गिरफ्तार, 15 वर्षों से रहती है मायके में



जमीन संबंधी विवाद में युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने ग्रामीण की पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला 15 वर्षों से अपने पति को छोड़कर दूसरे व्यक्ति के साथ रहती है। महिला ने जमीन पर कब्जे के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर पति के साथ मारपीट की और कब्जा करने के लिए जबरन खेत जोत दिया। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले में मुख्य आरोपी समेत अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

बलरामपुर जिले के तातापानी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तेतरडीह निवासी 35 वर्षीय विक्की लाल मरकाम आ. छुदू मरकाम का विवाह ग्राम पलगी निवासी पार्वती के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के बाद विगत 15 वर्षों से पार्वती अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके में रहती है और कभी कभी ससुराल आती है। महिला को बिपत गुप्ता नामक व्यक्ति अपने पास रखता है और महिला भी उसी के कहने पर हर काम करती है। 27 जून को सुबह 7 बजे ग्राम भवानीपुर निवासी विपत गुप्ता, पत्नी पावर्ती, साला झरीसाय व अन्य लोग अर्टिगा वाहन से पहुंचे और जातिगत गाली गलौज करते हुए पत्नी पार्वती से उसकी जमीन पर कब्जा कराने की धमकी दी। जब युवक की पहन ने इसका वरोध किया तो उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से उनकी पिटाई शुरू कर दी। वहीं बीच बचाव करने गए विक्की लाल और शिवरतन के साथ भी मारपीट की गई। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान घटन स्थल का निरीक्षण करने पर इस बात की पुष्टि हुई कि जमीन पर कब्जे के लिए महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर पति और ससुराल पक्ष के लोगों के साथ घर में घुसकर मारपीट की। घर के बाहर कड़ी शिवरतन गोंड की बाइक को तोड़ दिया। वहीं विक्की लाल मरकाम की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से जबरन जोताई की गई। इस घटना में ग्राम भवानीपुर निवासी विपत गुप्ता, पत्नी पावर्ती, साला झरीसाय के अलावा भवानीपुर निवासी टीएस गुप्ता, हसुआहाड़ निवासी उर्मिला व सुलसुली निवासी प्रदीप पटवा सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त त्रिकुंडा थाना अंतर्गत गाम सुलसुली निवासी 48 वर्षीय प्रदीप कुमार पटवा आ. जमुना प्रसाद पटवा, तेतरडीह निवासी 39 वर्षीया पार्वती मरकाम पति विक्की लाल मरकाम, चलगली ओदारी निवासी 37 वर्षीय उर्मिला पति श्यामला, पलगी निवासी 35 वर्षीय झारीसाय आ. भरत सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 296, 351(2),115(2), 191(3), 331(5), 324(6) एवं 3 (1) (द), (ध), 3(2) (V-क) एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## सरपंच प्रतिनिधि पर गड़ासा से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोनगरा।** साप्ताहिक बाजार में सरपंच प्रतिनिधि पर एक ग्रामीण ने प्राणघात हमला कर दिया। घटना में सरपंच प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी में है। पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई की शाम धरमपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष मानिकपुरी सोनगरा साप्ताहिक बाजार गया था। इसी दौरान सोनगरा निवासी संतोष गोंड आ. विफल गोंड ( 31 वर्ष) ने गड़ासा से संतोष मानिकपुरी पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में संतोष मानिकपुरी के सिर और कान पर गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद घायल को अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी संतोष गोंड आ. विफल गोंड को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से हमला करने में प्रयुक्त गड़ासा भी जब्त किया है। हमले के पीछे पुरानी रंजिश होने की बात बताई जा रही है।



## तीन साल के प्रेम प्रसंग के बाद नाबालिग ने दी जान, पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

**केदमा।** तीन साल तक प्रेम प्रसंग में रहने के बाद एक नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। केदमा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी युवती ने आधी रात को घर में चुनरी से फांसी लगाई। सुबह पिता ने बेटी को फांसी में लटका देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि युवती 10वीं पास थी जबकि प्रेमी लड़का 9वीं में पढ़ रहा था। दोनों का प्रेम तीन साल से चल रहा था। कई बार घर से भागकर साथ रहे। लड़का पक्ष की ओर से पारिवारिक सहमति नहीं बनने से युवती ने जान दे दी। एक साल पहले युवती ने कीटनाशक पी ली थी। जिसे परिजन ने समय पर अस्पताल पहुंचा कर जान बचाई। इसके बाद प्रेमी युवक ने भी जहर खा लिया था। उसे लड़का के परिजन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के बाद उसकी जान बची। गांव में एक साल में तीन बार पंचायत बैठी। दोनों पक्षों को बुलाया गया। लेकिन लड़के के परिजन नहीं आए जिससे सहमति नहीं बनी। युवती के पिता ने कहा, बेटी का गांव के ही लड़के से प्रेम करती थी लेकिन शादी से इनकार करने पर उसने जान दे दी। एक सप्ताह बीत गया, पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। लड़के के पिता ने कहा, मुझे प्रेम प्रसंग की जानकारी नहीं थी। बेटे की शादी बैशाख माह में प्रेमनगर के एक गांव में हो चुकी है। अगर जानकारी होती तो दूसरी जगह शादी नहीं करता। इधर केदमा चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटना के बाद मैनपाट के कार्यक्रम में व्यस्त था, इसलिए कार्रवाई नहीं हो सकी।



## सवा लाख रूपए के गांजा समेत युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से 4 किलो 980 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान मनेन्द्रगढ़ रोड में किसान राईस मिल के समीप एक युवक काले रंग का पिट्ठू बैग लेकर घूम रहा था। पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक को रोककर उससे पूछताछ की गई। युवक की पहचान सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर पटेल पारा निवासी 18 वर्षीय शनि विश्वकर्मा आ. राज कुमार विश्वकर्मा के रूप में की गई। पुलिस ने जब युवक के बैग की तलाशी लेनी चाही तो युवक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर शनी विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें से 4 किलो 980 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल शर्मा, विकास सिंह, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

## वर्ष 2022 के राष्ट्रीय अधिवेशन में लिया गया था निर्णय, संगठन को मिलेगी मजबूती

# कांग्रेस ने पहली बार बनाए मंडल अध्यक्ष, 61 को दिया गया नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश स्तर पर कांग्रेस ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए एक बड़ी पहल की है। कांग्रेस में अब राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला व ब्लॉक के बाद मंडल स्तर पर टीम तैयार किया जा रहा है। कांग्रेस द्वारा आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव की दृष्टि से अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है और जिलेभर में 61 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। ये मंडल अध्यक्ष मंडल व बूथ स्तर पर अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक और पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने दस सांगठनिक ब्लॉक में 61 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर उन्हें नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।



इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने मंडल अध्यक्षों के नियुक्ति को प्राथमिकता देते हुए 15 जुलाई के पूर्व इस प्रक्रिया को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ऐसा पहला संगठन है जिसने शतप्रतिशत मंडल नियुक्ति के लक्ष्य को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने वर्ष 2025 को कांग्रेस के ⏭ शेष पेज 4 पर

### पार्टी से जनता का होगा सीधा जुड़ावः बाल कृष्णा

शुक्रवार को 61 मंडल अध्यक्षों के गठन उपरान्त कांग्रेस कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान मंडल अध्यक्ष बनाने के प्रस्ताव पर सहमती मिली थी। सरगुजा में 10 ब्लॉक की भौगिलिक स्थिति को देखते हुए सभी की सहमति से 61 मंडल का गठन किया गया है और उन्हें 15 दिवस के अंदर कार्यकारणी का गठन करने को कहा गया है। नए लोगों को जोड़ने से पार्टी मजबूत होगी और लोगों का पार्टी से सीधा जुड़ाव होगा। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि मंडल अध्यक्ष जनता तक पार्टी की बात पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे। मंडल अध्यक्ष आज से ही पोलिंग बूथ स्तर पर वोटर लिस्ट पर काम करेंगे ताकि बिहार जैसी स्थिति ना बने और लोगों को अपने वोट के अधिकार से वंचित ना होना पड़े। हमने महज 2 माह में मंडल अध्यक्षों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की है। ब्लॉक और बूथ स्तर पर चर्चा के सहमति के बाद, युवा और नए चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है। 10-20 बूथ के बीच में एक मंडल का गठन किया गया है।

खबर संक्षेप

## बैगा परिवारों से धोखा, दो साल से अधूरे पड़े मकान



**अनूपपुर।** भारत सरकार का सपना है कि कोई भी गरीब बेघर न रहे, लेकिन अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायत टांकी में ये सपना टूटता दिख रहा है। यहां के बैगा आदिवासी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर बड़ा धोखा मिला है। दो साल से उनके स्वीकृत मकान अधूरे पड़े हैं और वे आज भी खुले आसमान के नीचे जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। टांकी पंचायत के कई गरीब बैगा परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मंजूर हुए थे। इन मकानों को पूरा कराने की जिम्मेदारी जिस पर थी, उसी ने विश्वासघात किया। स्थानीय रोजगार सहायक पर आरोप है कि उसने मकान निर्माण की सारी सरकारी राशि हड़प ली है। इसका नतीजा ये है कि दो साल बाद भी ये मकान अधूरे हैं और लाभार्थी परिवार दर-दर भटक रहे हैं। जिन अत्यंत गरीब बैगा आदिवासियों के पास खुद की झोपड़ी तक नहीं थी, उन्हें पक्के मकान का सपना दिखाया गया। मगर अब न उन्हें छत मिली है, न ही इंसाफ। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग आज भी इन अधूरे मकानों में असुरक्षित जीवन काट रहे हैं। बारिश में भीगते हैं, सर्दी में ठिठुरते हैं और गर्मी में झुलसते हैं, यह उनकी रोजमर्रा की हकीकत बन गई है।

## हसदेव कोयला खदानों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**बिजुरी।** 9 जुलाई को देशव्यापी ट्रेड यूनियन आंदोलन का हसदेव क्षेत्र की कोयला खदानों पर व्यापक असर देखने को मिला। बिजुरी, कोरजा, बहेराबांध, झिरिया सहित राजनगर और अन्य सभी कोयला खदानों में लगभग 95 प्रतिशत काम पूरी तरह से ठप रहा, जिससे कोयला उत्पादन और परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हसदेव क्षेत्र के हजारों श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केन्द्र सरकार की कथित श्रमिक-विरोधी नीतियों और निजीकरण के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए श्रमिकों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया।

## ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** ओबीसी महासभा ने अनूपपुर में राष्टपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी 14 सूत्रीय मांगों को रखा है। इसमें प्रमुख रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना को अनिवार्य करने की मांग की गई है।

### सिटी कोतवाली पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# शहर में चोरी की बड़ी वारदातें, अब तक खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर व आस-पास के क्षेत्रों में चोरों के हौसले बढ़ गए है और पुलिस आरोपियों तक पहुंच नहीं पा रही है कि एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे पुलिस को चुनौती दे रहे है। चोरी के क्रम में शहर के मुख्य मार्ग में जिस दुकान के शटर का ताला तोड़कर बीते दिनों चोरी की घटना घटित हुई थी, एक सप्ताह बीता नहीं कि उसी दुकान के एक कर्मी की बाइक चोरी गुरूवार को हो गई। आरोपी सीसीटीव्ही में कैद हो गए है। इस मामले की सूचना पुलिस को देने पर मौके पर पुलिस पहुंच मौका मुआयना किया। शिकायत पर पुलिस मामले को विवेचना में लिया।

घटना के संबंध में पीड़ति सुनील पिता मोहरलाल उम्र 39 ने बताया कि वह आशीर्वाद दुकान का कर्मचारी है। प्रतिदिन की तरह वह गुरूवार को अपनी बाइक दुकान के बगल में मंदिर के पास खड़ा कर अपने काम में लगा था, इसी दौरान रात्रि में देखा कि उसका बाइक उस जगह नहीं है, जहां वह खड़ा किया था। पीड़ति के अनुसार उसकी बाइक 7 बजे चोरी हुई है। बाइक चोरी करने के दौरान आरोपी सीसीटीव्ही में कैद हो गए। पीड़ति की बाइक शाम ढलने के बाद 7 बजे चोरी हुई, उस दौरान दुकान के पास में भीड़-भाड़ रहती है। ऐसे जगह सचे चोरों ने बेखौफ होकर लॉक की गई खड़ी बाइक को ले उड़े। विदित हो कि बीते दिनों मुख्य मार्ग स्थित आशीर्वाद दुकान से ही रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा दुकान का शटर का ताला तोड़कर दुकान के सामान व गल्ला में नगदी रकम ले भागने में सफल हुए थे। दुकान में चोरी की घटना घटित हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि दुकान के कर्मी की बाइक दुकान के पास से चोरी चली गई। निश्चित रूप से चोर पुलिस को चुनौती दे रहे है, एक के बाद एक चोरी की घटना से पुलिस के नाक में अज्ञात चोर दम कर रखा है।




### असुरक्षित महसूस कर रहे लोग

शहर व आस-पास के क्षेत्रों में जिस तरह से अज्ञात लोगों के द्वारा सूने घर को निशाना बनाया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में भी जिस तरह चोरी की घटना घटित हो रही है, इसे लेकर शहर के लोगों व व्यापारियों में असुरक्षा की भावना भर गई है। एक के बाद एक चोरी की घटना के बाद भी आरोपियों का पुलिस पकड़ से बाहर रहना निश्चित रूप से पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दी है। वहीं पुलिस आरोपियों को जल्द पकड़ने का दावा करती है, लेकिन पिछले चोरी की घटना के आरोपियों तक भी पुलिस नहीं पहुंच पाई है। यही कारण है कि लोगों एवं व्यापारियों में असुरक्षा महसूस की जा रही है।

### अफसरों के घर हुई चोरी का सुराग नहीं

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिंदडॉड में निर्मित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक ही रात में 6 अधिकारियों के सुने आवास का ताला तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अज्ञात लोगों के द्वारा अंजाम दिया गया था। सूचना पर पुलिस दल बल एवं डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच मौका मुआयना किया गया। चोरी की घटना घटित हुए एक सप्ताह का समय बीत गया, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली है। इस तरह इन दिनों पुलिस सुस्त और चोर चुश्त हो गए है। सुरक्षित माने जाने वाले हाउसिंग बोर्ड कालोनी में चोरी की घटना प्रकाश में आने के बाद लोग अपने घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### शिक्षक के घर चोरी के आरोपी भी गिरफ्त से बाहर

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिंडडॉड में एक पखवाड़े पहले शिक्षक के सूने मकान में हुई चोरी की घटना में शामिल आरोपियों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है। जानकारी के अनुसार शिक्षक बंटी महाराज घटना के दिन मप्र अपने निजी कार्य से गए थे और मध्य रात्रि पश्चात लौटे तो देखा कि उनके घर का ताला तोड़कर नगदी रकम एवं सामानों की चोरी हो गई। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के एक पखवाड़ा बीत गया, लेकिन अब तक पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई।

# शासकीय राशि का गबन करने वाले दो सचिव सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर




■ निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर जिपं सीईओ ने की कार्रवाई

जिले में शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि गबन कर कार्य अधूरा छोड़ने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों को जिला प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश व जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।

डॉ. चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि शासकीय धन का गबन गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निलंबन आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत कचोहर के सचिव लालमन सोनवंशी पूर्व में ग्राम पंचायत अकलासरई में पदस्थ थे। वहां राजीव गांधी सेवा केन्द्र निर्माण के लिए 1 लाख 10 हजार रूपए आहरित किए गए थे, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। संतोषजनक जवाब न देने पर इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जनपद पंचायत सोनहत कार्यालय में संलग्न किया गया है। अब ग्राम पंचायत कचोहर का प्रभार धन सिंह को सौंपा गया है। वहीं दूसरा मामला ग्राम पंचायत कछाड़ी का है। इस मामले में ग्राम सचिव रामचरण पूर्व में ग्राम पंचायत कछाड़ी में पदस्थ थे। इन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण के लिए 21 हजार रूपए आहरित किए, लेकिन कार्य अधूरा रहा। बार-बार नोटिस देने के बावजूद जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर इन्हें भी निलंबित किया गया है। दोनों सचिवों को छग पंचायत सेवा आचरण नियम 1998, ग्राम पंचायत सचिव कृत्य नियम 1999 तथा अनुशासन व अपील नियम 1999 के तहत दोषी पाया गया और नियम 4 (क) व 4 (ख) अंतर्गत कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक सतर्कता और अधिक बढ़ाई जा रही है।

# फलाहारी मंदिर में श्रद्धा व भक्ति से पूजन



**मनेन्द्रगढ़।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर फलाहारी मंदिर में फलाहारी बाबा जी की पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न की गई। नदी किनारे स्थित विजय हनुमान टेकरी में भी इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूजा कार्यक्रम में गुरू भाईयों की काफी संख्या में सहभागिता रही। भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, इससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। संगीतमय भजन, ढोल-मंजीरों की ताल और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। गौरतलब है कि फलाहारी बाबा जी के अनुयायियों की संख्या इस क्षेत्र में काफी अधिक है, जो उन्हें न केवल गुरू, बल्कि आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में मानते हैं।

# शिवालयों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास के प्रथम दिन जिले के शिव मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। भगवान शिव की पूजा के पावन माह श्रावण के आगमन के साथ ही शिवभक्तों में खास उत्साह देखा गया। सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण एवं रूद्राभिषेक की तैयारियां आरंभ हो गई थीं।

हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु न केवल नगर से, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचल से भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन व पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचे। नगर के प्रमुख शिव मंदिरों सिद्धबाबा मंदिर, हसदेव गंगा तट, नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर स्थित शिवालय तथा हनुमान मंदिर शिवधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, रूद्रपाठ और विशेष श्रृंगार का भी आयोजन किया गया। मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, जल व्यवस्था और कतारबद्ध दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है और इस पूरे माह में भगवान शिव की आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



**श्रावण मास की शुरूआत**

इस विश्वास के साथ भक्तों ने पूरे श्रद्धा-भाव से भोलेनाथ का अभिषेक किया। माना जा रहा है कि इस बार श्रावण का पावन मास 17 अगस्त तक चलेगा, इस दौरान प्रत्येक सोमवार को नगर के शिवालयों में इसी तरह श्रद्धा की बयार बहती रहेगी। भक्तों की आस्था और आयोजनों की भव्यता ने श्रावण की शुरूआत को यादगार और आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायक बना दिया।

# डीएमएफ कार्यों के भुगतान में सख्ती अंतिम किस्त अब गुणवत्ता जांच के बाद

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 से आज दिनांक तक जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत स्वीकृत निर्माण एवं अन्य सभी कार्यों की भुगतान प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें समस्त विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे निम्नानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अभी तक निर्माण कार्यों के लिए प्रथम किस्त में 40 प्रतिशत तथा द्वितीय किस्त कार्य के मूल्यांकन के आधार पर और अन्य कार्यों में विभागीय मांग पत्र के आधार पर द्वितीय किस्त का भुगतान किया जाता रहा है, किंतु यह देखा गया है कि विशेष रूप से आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवनों जैसे निर्माण एवं मरम्मत कार्य जो मानसून पूर्व पूर्ण कर दिए जाते हैं उनकी गुणवत्ता वर्षा पश्चात ही स्पष्ट हो पाती है, जिससे इस कार्यालय को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 से स्वीकृत कार्यों के भुगतान के लिए नई प्रक्रिया लागू की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रथम किस्त 40 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभाग का कार्य प्रस्ताव तकनीकी प्रतिवेदन, निरीक्षण, प्रतिवेदन स्थल का जीओ टैग फोटो, नक्शा, खसरा, प्रस्तावित स्थल विवरण कार्य का औचित्य एवं यदि निर्माण के अलावा कोई कार्य है तो उसका संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। द्वितीय किस्त 50 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभागीय मांग पत्र निरीक्षण प्रतिवेदन, कार्य का गुणवत्ता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, मूल्यांकन एमबी की प्रमाणित प्रति, कार्य का जीओ टैग फोटो तथा संबंधित कार्यालय प्रमुख जो कार्य का दैनिक लाभ लेता हो उसका सत्यापन शामिल किया जाएगा। तृतीय एवं अंतिम किस्त 10 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभागीय मांग पत्र, निरीक्षण प्रतिवेदन, उपयोगिता प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ण होने का जियो टैग फोटो संबंधित कार्यालय प्रमुख का सत्यापन कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता प्रमाण पत्र तथा अंतिम मूल्यांकन एमबी की प्रमाणित प्रति अनिवार्य होगी। साथ ही यह अंतिम भुगतान 1 नवंबर के बाद ही किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद ही कार्य की गुणवत्ता की जांच के आधार पर अंतिम भुगतान स्वीकृत किया जाएगा और इस निर्धारित भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की छूट केवल विभाग प्रमुख द्वारा पृथक से प्रस्तुत पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही दी जा सकेगी।





























## अपर कलेक्टर को सौंपी गई भरतपुर न्यायालय की जिम्मेदारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर के नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने नवपदस्थ अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को भरतपुर स्थित अपर कलेक्टर न्यायालय की जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय से अब भरतपुर ब्लॉक के रहवासियों को न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विनायक शर्मा भरतपुर अनुविभाग में नियमित रूप से जनदर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनेंगे और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जनदर्शन प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ मंगलवार को प्रातः 11:00 से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, भरतपुर में आयोजित किया जाएगा।

# शासन का नियम एक, जिले में नियम अलग-अलग : गुलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

छग शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्र-छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना तय हुआ।

इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रत्येक विद्यालय में आवश्यकता के अनुरूप विषयवार शिक्षक उपलब्ध रहें और विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो, परंतु हाल ही में सामने आए कोरबा और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिलों के मामले ने इस पूरी प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों ही जिलों में समान परिस्थितियों के बावजूद युक्तियुक्तकरण के आदेश अलग-अलग नियमों के तहत जारी किए गए। इस असमानता के खिलाफ पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कड़ा विरोध जताया और इसे प्रशासनिक लापरवाही तथा शिक्षकों के साथ अन्याय बताया।



■ प्रशासनिक लापरवाही तथा शिक्षकों के साथ अन्याय : कमरो

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि शिक्षा विभाग की मंशा तो छात्र-छात्राओं के हितों की शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की थी, लेकिन अलग-अलग जिलों में नियमों की अलग-अलग व्याख्या करके इस प्रक्रिया को भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की भेंट चढ़ा दिया गया। एमसीबी जिले के माध्यमिक शाला नई लेदरी में भी ठीक ऐसी ही स्थिति थी, वहां भी 6 शिक्षक पदस्थ थे, जिनमें 3 विज्ञान विषय के थे। लेकिन यहां नियमों को दरकिनार करते हुए केवल 1 विज्ञान शिक्षक को अतिशेष किया गया और उसके स्थान पर हिंदी विषय की एकमात्र शिक्षिका को अतिशेष घोषित कर दिया गया। यह न केवल नियमविहीन निर्णय था, बल्कि हिंदी विषय के छात्रों के साथ भी अन्याय प्रतीत होता है। विधायक श्री कमरो ने सवाल उठाया कि जब राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमावली जारी की गई थी और हर जिले में युक्तियक्तकरण समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता जिले के कलेक्टर करते हैं, तो फिर एमसीबी जिले में नियमों की ऐसी अनदेखी क्यों हुई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/1507/वाचक / अ.वि.अ./2025 राजपुर, दिनाँक 11/07/2025
रा.प्र.क्र.- /अ-2/2024-25
ग्राम राजपुर, प.ह.नं. 13, तहसील राजपुर

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम राजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिंकु बाला गुप्ता पति योगेश कुमार जाति-सौण्डिक, निवासी ग्राम राजपुर, तहसील-राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने नाम की भूमि जो ग्राम राजपुर, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं. राजपुर स्थित भूमि स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं.- 50/26 रकबा 0. 0800हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, या संस्था को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं या किसी मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनाँक 25/07/2025 न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजपुर**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

## हाई सिक्योरिटी वाले नंबर प्लेट के लिए लगेंगे शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला परिवहन कार्यालय कोरिया द्वारा वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) उपकरण शिविर का आयोजन आगामी 14 से 19 जुलाई तक जिले के विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। इस संबंध में कशफ परिवहन सुविधा केन्द्र, झगराखांड मनेन्द्रगढ़ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविर संचालन सुनिश्चित करें। जारी कार्यक्रम के अनुसार 14 और 15 जुलाई को शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में, 16 जुलाई को तहसील कार्यालय में, 17 जुलाई को नगर पंचायत खोंगापानी में, 18 जुलाई को नगर पंचायत लेदरी में और 19 जुलाई को जीएम ऑफिस लेदरी में किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा इस पहल का उद्देश्य जिले के नागरिकों को एचएसआरपी प्लेट लगवाने की प्रक्रिया में सरलता प्रदान करना है।






## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रांजल किए गए सम्मानित

**बलरामपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ताइक्वांडो (मार्शल आर्ट) प्रशिक्षक प्रांजल सिंह को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल बलरामपुर जिले के पहले राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने निरंतर अपनी मेहनत से दो बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है और राज्य सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रांजल ने सिंह ने बताया कि इस उम्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु के रूप में सम्मान पाना ये बड़ी सौभाग्य की बात है। वहीं कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अलग-अलग विधाओं में गुरुओं का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, बाल कृष्ण पाठक, बिहारी पाल, बंसीधर गुप्ता, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी, सत्य प्रकाश सिंह, कोदूराम द्विवेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना लाल चौधरी एवं भानु प्रकाश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षक सहित पुजारी वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान




**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा नगर के वयोवृद्धि सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक सहित मंदिर के पुजारी एवं गायत्री परिवार से जुड़े वरिष्ठ जनों के घर जाकर शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म की संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। हमारे धर्म ग्रंथो में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रु का अर्थ प्रकाश अर्थात अज्ञान को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे, प्राचीन राम मंदिर के पुजारी यशपाल दुबे, पहाड़ी मंदिर के पुजारी पवन पांडे, गायत्री परिवार के टीआर शर्मा के घर जाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनूप कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु पथ प्रदर्शक का किया सम्मान



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती योगेंद्र सिंह, मुकेश, प्रेमपाल अग्रवाल, अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आमंत्रित गुरुजनों एवं समाज के पथ प्रदर्शक प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। साथ ही गुरुजनों एवं वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुरेंद्रनाथ तिवारी, रामानंद ओझा, शैलेंद्र सिंह, अशोक राम, नक्षत्र तिवारी, कृष्ण मुरारी शुक्ला, प्रेमपाल अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, मोहन पांडे, आनंद मित्तल, आशुतोष जायसवाल, कृष्ण सोनी को सम्मानित किया गया। इस दौरान अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, सूर्यदेव जायसवाल, नंदा यादव, श्रीमती सीता पैकरा, अरविंद जायसवाल, श्रीमती राधा सिंह, लालमेंन, सौरभ देवांगन, विक्रम नामदेव, अंकुर जायसवाल, आर्यन दुबे, संतोष रजक, सोनू शर्मा, योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, बुधराम देवांगन,धर्मेंद्र, अभिषेक कुशवाहा, आयुष वर्मा अक्षय कुमार रवि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा शहर मंडल द्वारा सेवानिवृत गुरुजनों के घर जाकर किया सम्मान



**सूरजपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा शहर मंडल के नेतृत्व में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल, जिला कौषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, निवृतमान मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल अज्जू, मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, युवा मोर्चा जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल, पूर्व पार्षद धनसाय सिंह, पंकज चौबे सोनू पार्षद, श्रीमती कौशिल्या सिंह, महेंद्र साहू व अन्य कार्यकर्त्ता के साथ अपना पूरा जीवन ज्ञान का दीपक जलाकर समाज मे उजाला फैलाने वाले सेवानिवृत गुरुजनों चंद्रशेखर उपाध्याय, केएन राय, गया प्रसाद वर्मा के घर जाकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें अंग वस्त्र साल, गमछा ओढ़ाकर सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया गया। अचानक इस तरह से घर पहुंचने पर सभी गुरुजन प्रसन्न नजर आए।

#### 25 हजार से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबान का सड़क पर किया उपचार

# गौ सेवा मंडल ने आठ वर्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किया 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू



गौशाला में चारा खिलाते टीम के सदस्य।



गौ-भण्डारा में पशुओं चारा देते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में कुछ साल के भीतर ही सड़क दुर्घटना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ तो वाहन चालक की लापरवाही से जबकि अधिकांश सड़क दुर्घटना में आवारा मवेशियों व घुमंतू जानवरों के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गाय, भैंस बछड़े सहित अन्य घुमंतू जानवर घायल हो जाते है ऐसे में समय पर उपचार नहीं मिलने से उनकी मौत हो जाती है। ऐसे में किसी बेजुबान की जान न जाए और समय पर उपचार मिले इसके लिए शहर के कुछ युवाओं ने न सिर्फ बीड़ा उठाया बल्कि पिछले आठ साल के भीतर ही घायल 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया।

**खास बात**
- जिले में गौ सेवा मंडल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

गौ सेवा मंडल सरगुजा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग में पहली बार गौ भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा पूरे शहर में आवारा पशुओं को घूम घूम कर हरा चारा खिलाया। गौ सेवा मंडल टीम पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि इन आठ साल के भीतर ही मंडल की टीम ने लगभग 12 हाजर से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबानों का रेस्क्यू किया। इसके अलावा कुआं, सेफ़्टी टैंक, गढ्ढे, दलदल, नाला में गिरे मवेशियों का मौके पर जाकर उनका उपचार किया। साथ ही 25 हजार गौवंश व अन्य बेजुबानों को सड़क पर ही इलाज कर ठीक करने का कार्य किया गया। मंडल की टीम ने वहां जाकर गौवंशों का रेस्क्यू किया है जहां आम लोगों का जाना तो दूर लोग दूर से ही भाग जाते है ऐसे सेफ्टी टैंक जो उपयोग में है उसमें से गौवंश को निकालकर सुरक्षित करने का काम किया है। इसके अलावा जब पूरा देश कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के संकट में था तब लोग अपने घरों से निकलने से डरते थे। उस समय भी गौ सेवा मंडल टीम की सेवा जारी रही। साथ ही मंडल के सदस्यों ने पहल किया कि इंसान का तो पेट भरने के लिए कई संस्था कार्य कर रही है किन्तु शहर में आवारा पशु गाय व कुत्ता भुखमरी के शिकार न हो जाए इसके लिए टीम बनाकर शहर के आवारा पशुओं गाय, कुत्ता, बिल्ली को विभिन्न मार्गों में घुम घुमकर चारा व बिस्किट खिलाने का कार्य किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया और मुख्य मार्ग सहित सड़क पर बैठे मवेशियों को हरा सब्जी सहित फल खिलाया।

### गौवंशों को लगाया रेडियम बेल्ट

गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा समय समय पर गौवंशो को रेडियम बैल्ट बांधने का कार्य किया है। यह रेडियम बैल्ट रात्रि के समय चमकता है जिससे सड़क पर बैठे गौवंश दूर से ही दिखाई दे देते है जिससे दुर्घटनाओं में कमी आती हैं। इसके अलावा गर्मियों के मौसम में शहर के मुख्य मार्गो व चौक चौराहों जहां पर गौवंश समूह में रहते है वहां पर नाद रखवाया गया जिससे पशुओं को गर्मी के दिनों में पानी की कमी से मृत्यु न हो। साथ ही ऐसी व्यवस्था करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया जिससे आवारा पशुओं हेतु पानी व चारे की व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

### पशुपालकों पर की कार्रवाई की मांग

गौ सेवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने ऐसे पशु पालकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जो अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है। गौ सेवा मंडल के सदस्यों का कहना है कि शहर के लोगों द्वारा तो मवेशी पाल लिया जाता है परंतु मवेशी के दूध नहीं देने व उसके चारे में खर्च हो रहे रुपए से बचने के लिए अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है जिससे शहर में आवारा मवेशियों की संख्या में वृद्धि हुई है। मंडल के सदस्यों का कहना है कि पूर्व में कई बार नगर निगम को आवारा मवेशियों तथा मवेशियों मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में शहर का मुख्य मार्ग हो या राष्ट्रीय राजमार्ग हमेशा मवेशियों का झुंड अचानक सड़क पर आ जोते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# दिनेश झा बने सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग में बड़े पैमान पर फेर बदल किया है। शासन द्वारा जारी आदेश में सरगुजा जिले के डीईओ समेत कई अधिकारियों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

- शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों के तबादले, वापस ली गई प्रतिनियुक्ति

जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा अशोक कुमार सिन्हा को उप संचालक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग की जिम्मेदारी दी गई है जबकि प्रभारी संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को संभाग से हटाकर उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भेज दिया गया है। जबकि दिनेश कुमार झा को अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान से डीईओ सरगुजा बनाया गया है।

इसी तरह बीईओ ओडगी राजीव कुमार सिंह को प्रतिनियुक्ति पर डाईट व्याख्याता कोरिया भेजा गया है। आलोक कुमार सिंह को एबीईओ ओडगी को एबीईओ लखनपुर बनाया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उमावि कतकालो को सहायक संचालक कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग सरगुजा भेजा गया है। इसी तरह मनीष कुमार को एबीईओ वाड्रफनगर से प्रभारी बीईओ लुंड्रा, अरुण कुमार वर्मा प्रभारी बीईओ लुंद्र से सहायक प्राध्यापक डाईट बनाया गया है। रवि शंकर तिवारी को डीएमसी सरगुजा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता गणित शा उमावि कुन्नी, रवि शंकर पाण्डेय एपीओ समग्र शिक्षा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता अंग्रेजी उमावि करकोमा कोरबा भेजा गया है। सुनील तिवारी शासकीय हाई स्कूल रजपुरी कला लखनपुर को एपीओ समग्र शिक्षा सरगुजा बनाया गया है। गोपाल कृष्ण दुबे बीईओ कार्यालय सरगुजा से बीईओ कार्यालय मनेद्रगढ़ भेजा है। इसी तरह गिरीश गुप्ता प्राचार्य लावलीहुड को व्याख्याता भूगोल के पद पर शाउमावि घुडदेवा कटघोरा भेजा गया है। इसके साथ ही सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कई अन्य शिक्षकों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई रैली

**अंबिकापुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग व मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर में जनसंख्या दिवस पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के प्राचार्य एलके गुप्ता व अन्य शिक्षक, मिशन शक्ति से जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ नेहा सिंह राजपूत व कार्यालय सहायक स्वेता ठाकुर उपस्थित रहे।




## ग्राम हर्राटिकरा स्थित घुनघुट्टा नदी में मिला लापता अधेड़ ग्रामीण का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

साढ़ू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकले अधेड़ ग्रामीण का शव आज शुक्रवार को हर्राटिकरा के चिटकीपारा स्थित घुनघुट्टा नदी में तैरता हुआ पाया गया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा निवासी 58 वर्षीय बली राम गोंड पिता स्व.बालबोध गोंड पिछले दिनों 8 जुलाई को घर से साढ़ू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा।काफी पता तलाश उपरांत परिजन द्वारा मामले की सूचना लखनपुर थाना में दी गई । इसी दौरान शुक्रवार की सुबह लापता ग्रामीण का शव ग्राम हर्राटिकरा के चिटकीपारा स्थित घुनघुट्टा नदी में तैरता हुआ पाया गया है, इसके पश्चात गांव के उपसरपंच संजय राजवाड़े द्वारा ग्रामीणों की मदद से शव को जाल की मदद से नदी किनारे लाया गया।उपसरपंच ने व्यक्ति का शव नदी में देखने पश्चात इसकी सूचना जयनगर पुलिस को दी।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ग्राम राईं स्थित घर से लापता युवक का रेड़ नदी में मिला शव, मानसिक रूप से था अस्वस्थ

बहन के घर हेतु निकले विक्षिप्त युवक का शव आज शुक्रवार को रेड़ नदी में तैरता हुआ देखा गया है।मृतक के पैर में बंधे लोहे के कड़ा से उसकी स्थानीय ग्रामीणों ने शिनाख्त की है।करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम राईं निवासी 35 वर्षीय शिवनारायण पिता राम साय, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त भी था,गत दिनों 7 जुलाई को अपने बहन के घर सुरजपुर जाने निकला था,जो वापस लौटकर घर नहीं पहुंचा।शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने ग्राम सोहागपुर स्थित रेड़ नदी के तट पर अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ देखा, जिसकी सूचना तत्काल करंजी पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंच शव की शिनाख्त शुरू की,इस दौरान ग्राम राई निवासी एक ग्रामीण ने मृतक के पैर में लोहे के बंधे कड़ा को देखकर पहचान लिया और परिजन को सूचना दी।पुलिस द्वारा मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## गुरु पूर्णिमा पर शिवनंदनपुर में वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर केबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने नगर पंचायत शिवनंदनपुर में एक भाव भीनी कार्यक्रम में सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों और गुरुजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।यहाँ पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि गुरु वही नहीं जो सिर्फ विद्यालय में पढ़ाए, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर जो सही दिशा दे, वही सच्चा गुरु होता है। इन वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हमारे लिए पथप्रदर्शक है।

- केबिनेट मंत्री ने वार्डों का किया भ्रमण, सुनी लोगों की समस्याएं

कार्यक्रम पश्चात मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस बैठक में विभिन्न स्थानीय मुद्दों, संगठन की आगामी रणनीतियों और जमीनी स्तर पर भाजपा की उपस्थिति को और प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, महामंत्री शितिकांत स्वाई, रितेश जायसवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्यामू साहू, मनी बग्गा, अमर लाल साहू, विवेक जायसवाल, कमलेश सोनी, प्रमिला साहू, अनीता सिंह, मनीष सिंह, सुजीत सिंह, अंजली राजवाड़े, नपं शिवनंदनपुर के सीएमओ सुनील सिन्हा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी शामिल हुईं। इस दौरान केबिनेट मंत्री ने अपने शिवनंदनपुर क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और विकास संबंधी सुझाव भी मांगे।

स्थानीय लोगों ने मूलभूत सुविधाओं, जल निकासी, सड़क मरम्मत और महिलाओं की स्वरोजगार योजनाओं पर चर्चा की, जिन पर मंत्री ने जल्द ही संबंधित विभागों से बात कर निराकरण कराने का आश्वासन दिया है।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ में मनाया गया गुरू पूर्णिमा, गुरू के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**सीतापुर।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ में श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरूपूजन एवं एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। साधकों ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ लोककल्याण हेतु आहुतियां दी। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में साधक पूजा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी और अखंड ज्योति प्राकट्य के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार से प्रारंभ होने वाली ज्योति कलश यात्रा की जानकारी दी गई। उपस्थित साधकों ने गुरूदेव के युग निर्माण संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान दो विद्यारंभ संस्कार, एक नामकरण संस्कार तथा चार बहनों का दीक्षा संस्कार संपन्न कराया गया। समन्वयक एफ.आर. भगत ने कहा कि गुरू पूर्णिमा केवल गुरू पूजन का दिन नहीं है, यह आत्मनिरीक्षण, समर्पण और संकल्प का पर्व है। यह पर्व है अपने जीवन में गुरू की महत्ता को समझने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा का। हम सभी के जीवन में गुरू का महत्व सर्वोपरि है। इस अवसर पर युवा मंडल बरपारा द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान युवा मंडल की सदस्य कुमारी भारती प्रधान का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नारी जागरण प्रकोष्ठ की प्रमुख श्रीमती ज्योति सिंह, मंडल की सदस्य आरती पैंकरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## जनजाति गौरव समाज ने मनाई राजमोहिनी की जयंती, संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनजाति गौरव समाज, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय और शासकीय मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में माता राजमोहिनी देवी की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। वहीं शिविर के बाद रक्तदान किया गया। जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने माता राजमोहिनी देवी और समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था के महामंत्री अमित सिंह मरावी ने माताजी के नशा मुक्ति, धर्मांतरण रोकथाम, छुआछूत उन्मूलन, शिक्षा, जल प्रबंधन, सनातन धर्म, संस्कृति, और परंपराओं के संरक्षण हेतु गांव-गांव पदयात्रा कर समाज को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। सरगुजा विश्वविद्यालय की कुलसचिव एसपी त्रिपाठी ने प्राचीन शिक्षा पद्धति, जड़ी-बूटी चिकित्सा, और जनजाति परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह अजय मिश्रा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जनजाति समाज के उत्थान की बात कही। डॉ. बी.आर. सिंह ने सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वास, और वैज्ञानिक युग में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर बल दिया। जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम ने विदेशी संगठनों द्वारा समाज को बांटने के षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने और शिक्षा, स्वास्थ्य, व आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह मरावी और आभार प्रदर्शन जनजाति गौरव समाज के जिला सचिव उपेंद्र सिंह उरकेरा ने किया। इस दौरान जनजाति गौरव समाज के जिला अध्यक्ष बिहारी तिर्की, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, राज बहादुर सिंह, अनामिका पैकरा, शशिकला भगत, रघुवीर भगत, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता एके श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद सिंह, नरेंद्र सिंह, विक्रम सोनी, कुणाल बाबरा, कमला प्रसाद सिंह, दिनेश पाल, चंद्रभूषण गुप्ता, गोविंद राम उईके, रमेश पैकरा, पूरन सिंह टेकाम, और लैब इंचार्ज जगरानी कुजूर शामिल थे।

- किया गया रक्तदान




रक्त दान करते समाज के लोग।

### डिवाइडर के रैलिंग से टकराई बाइक, एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम केशोपुर निवासी मनूसाय आ. राम सुरत (18 वर्ष) बुधवार को गांव के ही राजकुमार के साथ बाइक से भैसामुंडा गए थे। रात को दोनों वापस लौटने लगे और जैसे ही ग्राम सरहरी मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मनूसाय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### झांसा देकर दुष्कर्म गर्भवती होने के बाद विवाह करने से इंकार

**वाड्रफनगर।** युवती को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करने और गर्भवती होने के बाद भी शादी करने से मना करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि त्रिकुंडा था अंतर्गत ग्राम पलगी निवासी 23 वर्षीय वीर साय आ. रूपचंद गोंड वर्ष 2021 से उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई जिसके बाद 30 अप्रैल 2029 को उसका प्रसव हुआ जिसमे मृत बच्चा पैदा हुआ लेकिन अब युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। ऐसे में युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आरोपी वीरसाय गोंड को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



## खबर संक्षेप



### आत्मानंद के संविदा शिक्षकों ने की संविलयन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने सरगुजा प्रवास पर पहुंचे रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा तथा मांगों के निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने की मांग की। संगठन के संभागाध्यक्ष डॉ. अज्जू पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश भर में 751 आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय संचालित हैं जिनमें 5 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं वहीं 12 हजार से अधिक संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी काम कर रहे हैं। शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए 20 सितम्बर 2024 को आदेश जारी किया गया है जिसका क्रियान्वयन प्रारंभ नहीं हो सका है। प्रतिनिधि मण्डल ने आदेश सभी जिला अधिकारी कार्यालयों को क्रियान्वयन हेतु प्रेषित कराने का अनुरोध किया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने सदन में कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति को भंग करने तथा शिक्षा विभाग द्वारा संविलयन की कार्रवाई करने की घोषणा की थी जिसका क्रियान्वयन अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। मंहगाई को देखते हुए आत्मानंद विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की वेतन वृद्धि करने डीएमएफ एवं ग्रंथपाल की वेतन विसंगति को दूर करने एवं राजपत्र में प्रकाशित संविदा शिक्षकों को 30 दिन का आकस्मिक अवकाश प्रदान करने संबंधी निर्देश के परिपालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश भाई पटेल, जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष राज सिंह यादव, पूजा पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कोल इंडिया के अधिकारियों को स्मार्टफोन खरीदी पर अब कंपनी देगी खर्च की भरपाई

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सभी अनुषांगिक कंपनियों के लिए स्मार्टफोन की खरीद पर खर्च की प्रतिपूर्ति की योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस नई योजना को 30 अक्टूबर 2024 को निदेशक मंडल की 472 वीं बैठक में मंजूरी दी गई और अब इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।इस फैसले को अधिकारियों के बीच डिजिटल दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।इस योजना के तहत अब अधिकारी ग्रेड के अनुसार 30 हजार से 60 हजार रुपए तक का रिफंड प्राप्त कर सकेंगे।कोल इंडिया ने ई 9 ग्रेड के लिए 60 हजार रुपए, ई 7-8 ग्रेड हेतु 50 हजार रुपए, ई 4 से 6 तक के लिए 40 हजार रुपए एवं ई 3 ग्रेड व नीचे के लिए 30 हजार रुपए प्रतिपूर्ति दिए जाने के निर्देश दिए हैं। इस राशि में सभी कर शामिल होंगे। कोल इंडिया का मानना है कि इस योजना से अधिकारियों को तेजी से सूचना आदान-प्रदान करने में मदद मिलेगी, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और मोबाइल ऐप्स के जरिए कोयला प्रबंधन, रिपोर्टिंग, निगरानी आदि में सुधार होगा, ई-ऑफिस, ई-नोटिंग,और रियल-टाइम डेटा एक्सेस जैसे कार्यों में आसानी होगी, वर्क फ्रम होम या फील्ड ऑपरेशन जैसी स्थितियों में अधिकारियों की दक्षता बढ़ेगी।

## पेज 1 के शेष...

### कांग्रेस ने पहली बार बनाए मंडल....

संगठनात्मक मजबूती देने के लिए तय किया है। सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा लिया है। उन्होंने कहा कि 2025 के अंत तक सरगुजा जिले में प्रत्येक बूथ तक संगठन को एक मजबूत आधार दे दिया जायेगा। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग जो कर रहा है उसको देखते हुए ये कवायद महत्वपूर्ण हैं। ब्लॉक और बूथ के बीच की कड़ी के रूप में मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम चुनाव में पार्टी के निर्णायक बढ़त में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। बता दें कि बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट की दृष्टि से कांग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अधीन मंडल बनाने का निर्णय लिया था। इन मंडलो के निर्माण एक जिला कांग्रेस कमेटी या ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदृश होगा जहां 15 लोगों की कार्यकारिणी होगी। भौगोलिक क्षेत्र, मतदाता की संख्या आदि के आधार पर एक मंडल अध्यक्ष विभिन्न बूथों के बीएलए के बीच कार्य करते हुए बूथ और अनुभाग स्तर पर पार्टी के जनाधार को मजबूत करेगा। मंडल अध्यक्ष को बीएलए के नियुक्ति की अनुशंसा का अधिकार होगा साथ ही वो बूथ लेबल पर बीएलए की कार्यकारिणी भी तैयार करवाएगा। सरगुजा जिले में कुल 61 मंडल का निर्माण हुआ है, जिनमे अम्बिकापुर शहर ब्लॉक में 6, अंबिकापुर ग्रामीण ब्लॉक में 9, लखनपुर 9, उदयपुर 5, दरिमा 6, लुण्ड्रा 3, धौरपुर 2, बतौली 7, सीतापुर 8, मैनपाट 6 शामिल हैं जिनके नवनियुक्त अध्यक्षों को आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने नियुक्त पत्र प्रदान किया। इस दौरान पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, अरविंद सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, विनय शर्मा, अमित सिंहदेव, सिद्धार्थ सिहदेव, बलराम यादव, राजनाथ सिंह, इंद्रजीत धंजल, प्रदीप गुप्ता, नारद गुप्ता, मो इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में 13 जुलाई रविवार को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, विशेष स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट डॉ.बी मिंज, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## भारी बारिश एवं जमाव से संग्रहित धान में अंकुरण होने एवं सड़ने की संभावना

# मार्कफेड के दो संग्रहण केंद्रों में खुले आसमान के नीचे 6 महीनों से पड़ा है करोड़ों का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार बारिश के बीच मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में खुले आसमान के नीचे पड़े करोड़ों के धान के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है तथा धान के खराब होने की संभावना बढ़ गई है। नीलामी में संग्रहण केंद्र में संग्रहित धान की खरीदी करने वाले व्यवसायी भी धान का उठाव नहीं कर रहे है।

**खास बात**

- नीलामी में हुई 15486 टन धान की बिक्री, शेष बचे 60 हजार टन की मिलिंग करने जारी किया जा रहा डीओ

गत वित्तीय वर्ष में धान खरीदी के दौरान सहकारी समितियों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम होने एवं प्रशासनिक दबाव के बावजूद मिलरों द्वारा उठाव में रूचि नहीं लेने पर विपणन संघ ने परिवहनकर्ताओं के माध्यम से जनवरी में धान का उठाव करना प्रारंभ कर दिया था। विपणन संघ जिलेभर के उपार्जन केंद्रों में जाम धान को लगातार अम्बिकापुर एवं सीतापुर स्थित खुले मैदान में बने संग्रहण केंद्र में धान का भण्डारण कराता रहा। बाद में उच्च स्तरीय वार्ता के बाद राइस मिलरों ने धान का उठाव प्रारंभ किया। राइस मिलरों द्वारा धान का उठाव करने के दौरान भी विपणन संघ समिति में जमा धान का उठाव कराता रहा। सरगुजा की राशन जरूरतों से काफी अधिक धान की खरीदी होने के कारण सहकारी समितियों में आए दिन जाम धान को लेकर हो रहे विवाद से तो मुक्ति मिल गई लेकिन संग्रहण केंद्रों में जमा धान पिछले छह महीनों से यथावत खुले आसमान के नीचे पड़ा है। विभाग के अधिकारी धान के कैप कवर से ढका होने का हवाला देकर उसे पूरी तरह सुरक्षित होने का दावा कर रहे हैं लेकिन हाल में हुई भारी बारिश एवं जल जमाव ने शहर सहित पूरे संभागभर में भारी तबाही मचाई है। लगातार बारिश के दौरान पक्के घरों में भी सीड़न की समस्या शुरू हो गई थी ऐसे प्लास्टिक कैप कवर के नीचे रखे धान के सुरक्षित होने के दावे को क्षेत्रवासी झूठा बता रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भीषण गर्मी एवं मई से हो रही बारिश की नमी से संग्रहित धान की गुणवत्ता प्रभावित होने एवं हाल में हुई भारी बारिश एवं जल जमाव से संग्रहित धान में अंकुरण एवं सड़ने की समस्या हो रही है। यही कारण है कि नीलामी में धान की खरीदी करने व्यवसायी एवं डीओ हासिल करने वाले मिलर धान का उठाव करने से परहेज कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी संग्रहित धान का उठाव नहीं होने के पीछे लगातार हो रही बारिश को कारण बता रहे हैं।



संग्रहण केन्द्र में खेले आसमान के नीचे रखे धान।

### खरीदी 31 रूपए विक्रय 19 रूपए

शासन द्वारा पिछले साल किसानों का धान 3100 रूपए क्विंटल एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से खरीदा गया था। अत्यधिक खरीदी होने के कारण लम्बे समय तक धान संग्रहक केंद्र में पड़ा रहा। अंत में शासन ने इसकी नीलामी करने का निर्णय लिया। नीलामी में व्यापारियों ने संग्रहण केंद्रो में जमा मोटे एवं महीन धान को 19 रूपए से लेकर 20.50 रूपए की दर से खरीदा। नीलामी में ही संग्रहण केंद्रों में जमा संपूर्ण धान के खरीददार नहीं मिले तथा 60000 मिट्रिक टन धान बचा रह गया। अब विभाग ने संग्रहण केंद्रों में शेष 60 हजार मिट्रिक टन का मिलिंग कराने मिलरों को डीओ जारी कर रहा है। भरी बरसात में धान की मिलिंग में अनेक असुविधाएं होने के कारण मिलर धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। शहर से सटे ग्राम चिखलाडीह स्थित संग्रहण केंद्र में 28014 टन एवं सीतापुर स्थित संग्रहण केंद्र में 29726 कुल 57730 टन धान पिछले 6 महीने से खुले आसमान के नीचे पड़ा है। इसमें से नीलामी में 15486 मिट्रिक टन धान की बिक्री हो गई है जबकि शेष बचे धान की मिलिंग कराने का निर्णय लिया गया है। अधिकारी मिलरों को शेष बचे धान का डीओ जारी करने का भी दावा कर रहे हैं। संग्रहण केंद्र में पड़े धान की कीमत 178 हजार करोड़ से अधिक बताई जा रही है। नीलामी के बाद कुछ व्यापारियों ने धान का उठाव भी किया लेकिन पिछले 20 दिनों से व्यापारी भी धान नहीं उठा रहे है। हाल में हुई वर्षा के दौरान लगातार तीन दिनों तक जलजमाव होने के कारण संग्रहित धान से अंकुरित होने एवं सड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### किए हैं सुरक्षा के इंतजाम

संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं तथा धान कैप कवर में रखा गया है। खेतों में जल जमाव नहीं होता इसलिए धान के खराब होने की संभावना नहीं है। शेष बचे 60 हजार टन धान का डीओ मिलरों को जारी कर दिया गया

-अरूण कुमार विश्वकर्मा
प्रबंधक, मार्कफेड

## संयुक्त टीम ने खाद-बीज दुकानों में दी दबिश, लिए गए सैंपल

**लखनपुर।** अमानक धान बीज की बिक्री से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की शिकायत के बाद जिला प्रशासन व कृषि विभाग ने अपनी जांच शुरू कर दी है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न खाद बीज दुकानों से धान बीज के सैंपल लिए गए है और उनके स्टॉक की जांच की गई।

- रेट लिस्ट चस्पा करने और बिल प्रदान करने के निर्देश

**खबर का असर**

बता दें कि क्षेत्र में खरीफ सीजन में किसानों ने ब्रांडेड कंपनियों के धान बीज लेकर खेती के लिए खेतों में थरहा लगाया था लेकिन किसानों को धोखा मिला। अमानक और नकली धान बीज के कारण किसानों का उत्पादन प्रभावित हुआ है और खेत में थरहा नहीं लगा। ऐसे में किसान चिंतित है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसानों ने दुकान में जाकर इसकी शिकायत की तो संचालकों ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड लिया। इतना ही नहीं संचालक किसानों को ख़रीदे गए खाद बीज का बिल भी प्रदान नहीं कर रहे है जिससे किसान अपने हक के लिए लड़ सके। थरहा नहीं लगने और समय बीत जाने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है और उनकी खेती प्रभावित होगी। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर में बड़े पैमाने पर धान बीज के दुकान खुल गए है जो एक दो ब्रांड के धान बीज का लाइसेंस लेकर मनमाने तरीके से धान बीज बेच रहे है। हरिभूमि द्वारा किसानों की इस समस्या को 6 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसके बाद राजस्व व कृषि विभाग की टीम हरकत में आई और मामले की जांच चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लखनपुर तहसीलदार अंकिता पटेल और कृषि विभाग के अधिकारी लखनपुर के धान बीज दुकानों का निरीक्षण किया गया। टीम ने नगर के बस स्टैंड में खाद बीज दुकानों में जांच की गई। जांच के दौरान तहसीलदार अंकित पटेल एवं कृषि विभाग हरित सिंह, विनायक पांडे द्वारा दुकानों धान बीज सैम्पल लिया गया है। इस दौरान दुकान संचालकों को निर्देश दिया गया है धान बीज की रेट लिस्ट चस्पा की जाए और किसानों को उनके खाद बीज का बिल प्रदान किया जाए।



### सखी सेंटर ने भटकती हुई महिला को मिलाया उसके परिवार से

सूरजपुर। सखी सेंटर को 5 जुलाई को महिला हेल्प लाइन नम्बर से जानकारी दी गई कि जयनगर बाजारपारा रेलवे ट्रैक के पास में 3-4 दिन से एक लगभग 28 वर्षीय महिला जो कि मराठी भाषा बोल रही है वह भटक रही है। जानकारी होते ही सखी द्वारा संबंधित थाने से सहयोग प्राप्त कर पीड़ति को रेस्क्यू कर सुरक्षा की दृष्टि से आश्रय हेतु सखी सेंटर में लाया गया। महिला के मराठी भाषा में बातचीत करने के कारण भाषा संबंधी समस्या आ रही थी जिस पर मराठी भाषा जानकार व्यक्ति से महिला की बातचीत कराने पर वह अपना नाम मंगल फकिरा होलपादे, ग्राम-धनगारवाडी, पोस्ट पलसी, जिला-हिंगोली (महाराष्ट्र), की रहने वाली बताई। सखी सेंटर द्वारा पीड़ति के बताए गए पता के संबंध में संबंधित थाना व सखी वन स्टॉप सेंटर हिंगोली से संपर्क किया गया एवं व्हॉटसअप व सोशल नेटवर्क के माध्यम से पीड़ति महिला के परिवार की तलाश की गई। आज पीड़ति महिला के परिवारज का पता लगा।

## पुलिसकर्मियों ने जान पर खेलकर बचाई उफनती नदी में बह रहे युवक की जान

**प्रतापपुर।** उफनती नदी में बह रहे युवक न सिर्फ जिंदगी और मौत से जूझ रहा था बल्कि उसने बचने की पानी के तेज बहाव से बचने की उम्मीद ही छोड़ दे दी। इसी प्रतापपुर थाने में पदस्थ आरक्षक न सिर्फ फरीसता बन कर आया बल्कि अपनी जान का परवाह किए बगैर ही उफनती नदी से युवक को बचाकर बाहर निकाल लिया। आरक्षक ने बाकी नदी में डूब रहे ग्रामीण की जान बचाकर मानवता नहीं बल के पूरे पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया।

प्रतापपुर क्षेत्र में लगातार 15 घंटे से बारिश होने के कारण जहां नदी नाला उफान पर है। इसी बीच ग्राम जगन्नाथपुर निवासी विनय गुप्ता आ. साहेश टोप्पो (18 वर्ष) उफनती बाकी नदी में अचानक बहने लगा। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक पूरी तरह से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंची रस्सी फेंक कर युवक को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुल की ऊंचाई लगभग 50 फीट होने के कारण वह रस्सी को पकड़ नहीं सका। जिस पर पानी के तेज बहाव मे युवक बहता रहा और उसके पीछे नदी के किनारे किनारे पुलिस दौड़ती रही और साथ में ग्रामीण दौड़ते रहे। इस बीच जान जोखिम में डालकर प्रधान आरक्षक बिनोद परीड़ा, कांस्टेबल जयप्रकाश पन्ना द्वारा नदी में बचाने उतरे जबकि एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद परीड़ा. रविशंकर चौबे.आरक्षक चालक जय प्रकाश पन्ना, अमर साय. सत्यनारायण तथा ग्राम गोटागांव के ग्रामीणों द्वारा 2 घंटा के कड़े मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकालने में सफल हो सके। पुलिसकर्मियों ने युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवक का उपचार चल रहा है।



### तीन किमी तक बह गया था युवक

बाकी नदी से बहता हुआ युवक लगभग 3 किलोमीटर तक पानी में कचरा और पेड़ के डंगाल के सहारे बह गया था। युवक को उफनती नदी में बहता देख ग्रामीणों ने प्रतापपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना पर पुलिस में तत्परता दिखाते हुए जगह-जगह अपना आदमी अलर्ट कर दिया और खुद रेस्क्यू को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि परिजन के अनुसार तीन दिन से विनय घर नहीं लौटा था और आज इस स्थिति में पानी में बहते हुए उसे देखा गया। आखिर वह पानी में कैसे बह रहा था यह बात स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन ने बताया कि तीन दिन से घर से निकला युवक की काफी खोजबीन किया गया था और आज ऐसी स्थिति में मिला।

## नशीले इंजेक्शन के फरार आरोपी को उड़नदस्ता की टीम ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को चकमा देकर फरार हुए नशीले इंजेक्शन के मुख्य कारोबारी आरोपी को आज उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किया है।



- एक दिन पूर्व भी कार सहित 24 सौ नग नशीले इंजेक्शन किए थे जब्त

जानकारी के अनुसार गत दिन क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मणिपुर अंतर्गत सुंदरपुर वेयर हाउस के पास नशीली इंजेक्शन का मुख्य डीलर देवेंद्र सिंह अपने साथी गंगाराम के साथ कार में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर ग्राहकों को सप्लाई करने इंतजार कर रहा है। सूचना पर आबकारी उड़नदस्ता टीम सुंदरपुर वेयर हाउस के पास दबिश दी। जैसे ही उड़नदस्ता की टीम पहुंची तभी एक व्यक्ति कार से निकल कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जबकि टीम ने एक व्यक्ति पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम गंगाराम बताया। साथ ही गंगाराम ने टीम को बताया कि फरार व्यक्ति देवेंद्र सिंह था और उसकी कार है। टीम ने कार की तलाशी ली तो कार से 2413 नग इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (C) के तहत गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी देवेंद्र सिंह की तलाश शुरू कर दी है। आज मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी देवेंद्र सिंह साडबार के पास अपनी बाइक से नशीले इंजेक्शन के खपाने जा रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने साडबार स्मृति वन के पास घेराबंदी कर देवेंद्र सिंह को पकड़ा।

उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन बरामद कियाय। रंजीत गुप्ता ने बताया कि देवेंद्र सिंह अंबिकापुर एरिया का सबसे बड़े नशीले इंजेक्शन के डीलर के रूप में काम कर रहा था। 9 जुलाई को मौके से फरार होने के बाद देवेंद्र सिंह को पकड़ना हम लोगों के लिए एक चैलेंज था। अगले दिन ही उसको गिरफ्तार कर लिया गया।

### नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

सूरजपुर। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस द्वारा लगातार अवैध कारोबार और नशे के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को बसदेई पुलिस ने 2 लोगों से 40 नग नशीली इंजेक्शन जबत कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जूर का शेख नेजायत और ग्राम बंजा का डीएस कुमार सैनी बाइक से नशीली इंजेक्शन बिक्री करने ग्राम जूर से बंजा की ओर जा रहे है। पुलिस टीम द्वारा ग्राम जूर में घेराबंदी लगाकर दोनों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 40 हजार कीमत के 80 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध 21 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।





## घर वापसी अभियान तेज होगा जल्द बड़ा कार्यक्रम: जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

धर्म रक्षक अखिल भारतीय घर वापसी अभियान छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव रामगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने भटके हुए हिंदुओं की घर वापसी की शुरुआत की थी। उन्होंने ऐसे समय में यह काम शुरू किया, जब लोग खुद को हिंदू कहने से डरते थे। उन्होंने लाखों लोगों की घर वापसी कराई। मैं भी इस कार्य के लिए समर्पित हूं। किसी को धर्मांतरण नहीं करने देना है।

श्री जूदेव ने कहा कि राष्ट्रीय निर्माण अभियान में भटके हुए सनातनियों की घर वापसी के लिए काम कर रहे हैं। जगह-जगह धर्मांतरण हो रहा है। सेवा और चंगाई सभा के नाम पर देवी-देवताओं का अपमान हो रहा है। हमारे शरीर में बहता रक्त सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित है। धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि एक भी हिंदू धर्मांतरित होता है, तो वह देश का एक शत्रु बनता है। क्षेत्र में मिशनरी ईसाइयों द्वारा की जा मनसूबे को रोक लगाना आवश्यक है। जल्द ही क्षेत्र में एक बड़ा घर वापसी का अभियान कराया जाएगा। इस दौरान विनीत गुप्ता, राम प्रसाद गुप्ता, देवनारायण यादव, सुदर्शन अग्रवाल, रामा शंकर मिश्रा, हरिओम सोनी, यतेंद्र पांडेय, सुरेंद्र साहू, सौरभ अग्रवाल, कन्हाई राम बंजारा, शुभम भदोरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### अवैध चर्च और धर्मांतरण पर रोक लगाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लखनपुर के अरगोती गांव में शासकीय भूमि पर बने चर्च को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्र के हिंदुओं ने धर्म रक्षक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के नेतृत्व में एसडीएम बन सिंह नेताम को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से चर्च बनाया गया है। इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए। एसडीएम ने जांच कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अधिवक्ता से हुई ऑन लाइन ठगी, दो वर्ष के बाद पुलिस ने अपराध किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कई जागरूकता अभियान चलाने बावजूद ऑनलाइन ठगी के मामलों ने कमी नहीं आ रही है, अब तो अधिवक्ता भी इसके शिकार हो जा रहे हैं,नगर पंचायत शिवनंदनपुर निवासी जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर के अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद यादव को उनके मोबाइल में कॉल कर अज्ञात ठग ने बिजली बिल अपडेट करने की बात कहकर उनसे अलग अलग किश्तों में 51 हजार से अधिक रकम की ऑनलाइन ठगी कर ली। दो वर्ष पुराने हुए मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात आरोपी ठग के खिलाफ धारा 420 आईपीसी व 66 घ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामला दो वर्ष पहले का है। बिश्रामपुर थाना में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में शिवनंदनपुर निवासी अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद यादव पिता शिवबहादुर यादव ने बताया कि दिनांक 30 मई 2023 को उनके मोबाइल नंबर में अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर उन्हें बिजली बिल को अपडेट करने का झांसा दिया, जिसके बाद अलग अलग किस्तों में उनसे 51,410 रुपये की ठगी कर ली। ठगी के शिकार अधिवक्ता ने मामले की शिकायत बिश्रामपुर थाना व साइबर सेल में की थी। दो वर्ष तक लम्बी चली जांच पड़ताल के बाद गुरूवार को बिश्रामपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

- प्रार्थी अधिवक्ता के आवेदन पर दो वर्ष तक लम्बे समय हुई जांच
- बिजली बिल अपडेट करने का झांसा देकर अलग अलग किश्तों में 51 हजार से अधिक रकम की हुई ठगी

### साहित्यकार राम प्यारे की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी 13 को

**अम्बिकापुर।** सरगुजा के वरिष्ठ साहित्यकार स्व.रामप्यारे रसिक की द्वितीय पुण्यतिथि पर हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा 13 जुलाई को शाम 3 बजे से काव्यांजलि का आयोजन गांधी स्टेडियम स्थित भारतेंदु भवन में किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष विनोद हर्ष एवं उपाध्यक्ष देवेन्द्र दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय रचनाकारों एवं कलाकारों द्वारा स्व.रामप्यारे रसिक को काव्यमय श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। प्रेस विज्ञप्ति परिषद के अध्यक्ष विनोद हर्ष एवं उपाध्यक्ष देवेन्द्र दुबे ने जारी की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

